दैनिक भास्कर 16/07/2022

# उद्यमिता विषय पर जीएमएन कॉलेज में व्याख्यान कराया

**भास्कर न्यूज | अम्बाला**

जीएमएन कॉलेज में विश्व युवा कौशल दिवस पर उद्यमिता विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान कराया गया। इसका आयोजन रमाकांत मुख्य कार्यकारी उद्यमिता संवर्धन और ऊष्मायन परिषद और अश्विनी गोयल सदस्य प्रबंध समिति अम्बाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च ने किया।

प्रिंसिपल डॉ. राजपाल सिंह ने कहा कि उद्यम की सबसे अधिक स्पष्ट स्थिति एक नए व्यवसाय की शुरुआत करना है। रमाकांत ने छात्रों को अपने विचारों को बाज़ार में मांग योग्य उत्पाद में बदलने के लिए प्रेरित किया। अश्विनी गोयल ने उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। व्याख्यान से वाणिज्य, विज्ञान और कला वर्ग के करीब 50 छात्र लाभांवित हुए।